हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 22 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 28.2 डिग्री

11 जनता को गुमराह कर रही है सरकार


12 नए प्राचार्यों की ट्रेनिंग खत्म



## खबर संक्षेप

### हर बच्चे को पढ़ाई जानी चाहिए गीताः विज

**अंबाला।** श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक स्कूल में श्रीमद्भागवत गीता पढाई जानी चाहिए। श्रीमद्भागवत गीता हमारी संस्कृति है, हमारा धर्म है और हमारी विचारधारा भी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि बच्चों को गीता का ज्ञान जानने का अधिकार है। विज सोमवार को मीडिया कर्मियों द्वारा श्रीमद्भागवत गीता को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे हैं।

### स्कूली बच्चों की क्रियाकलाप प्रतियोगिता आयोजित

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा छठी,सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय क्रिया कलाप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय कक्षा छठी के लिए हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता , कक्षा सातवीं के लिए हिंदी भाषण प्रतियोगिता, कक्षा आठवीं के लिए इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता रहे।

### नंदोई ने विवाहिता से दुष्कर्म किया, केस

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में निवास कर रही विवाहिता के साथ उसके नंदोई ने दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली थी। आरोपी ने विवाहिता को अश्लील वीडियो का हवाला देकर उसे ब्लैकमेल किया और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इधर, विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया और महिला की मेडिकल जांच करवाई व उसक बयान दर्ज किए।

### ठगी करने वाली युवती गिरफ्तार

पानीपत। थाना सिटी पुलिस ने पानीपत के इंसार बाजार में चार ज्वैलर्स को नकली सोना व चांदी बेच ठगी करने वाली युवती जींद निवासी ज्योति को गिरफ्तार किया है। वहीं थानेदार कुलदीप ने बताया कि पुलिस ने ज्योति को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### पानीपत में प्रवासी युवक ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत के धूप सिंह नगर में 23 वर्षीय दिनेश मूल निवासी दरभंगा बिहार ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दिनेश, गृहक्लेश से परेशान था। दिनेश तीन माह पहले ही जीवन यापन के लिए बिहार से पानीपत आया था।

### मील वर्कर्स ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**पानीपत।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी ने अपनी मांगों को लेकर विधायक प्रमोद विज, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को यूनियन जिला प्रधान निर्मला अहलावतके नेतृत्व में यह मांग पत्र सौंपे गए।

# यमुनानगर के गांव लापरा में दो पक्षों के बीच हुई खूनी झड़प, कई घायल

- दोनों पक्षों के दर्जन भर से लोग घायल , घटना के बाद से गांव में पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले के गांव लापरा में देर शाम दो गुटों के बीच खूनी झड़प हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव व लाठी डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद से ही गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।



**यमुनानगर।** गांव लापरा में हुए दो पक्षों के बीच खूनी झड़प के बाद घायल अस्पताल में उपचाराधीन। फोटो : हरिभूमि

> कलानौर चौकी प्रभारी परमवीर सिंह का कहना है कि गांव में झगड़े की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंची हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार गांव लापरा निवासी 19 वर्षीय राकिब के साथ दूसरे पक्ष से सादीन, साहिल व परवेज की रंजिश चल रही है। कुछ दिन पहले क्रिकेट खेलते समय इनका झगड़ा हो गया था। बताया जा रहा है कि इसी रंजिश में दो दिन पहले आरोपी सादीन, साहिल व अन्य ने राकिब का अपहरण कर लिया। उसे जंगल में लेकर गए। जहां उसके साथ जमकर मारपीट की। रविवार को वह अपने घर पहुंच गया। उसने अपने परिजनों को इस बारे में बताया तो उसके पिता सुलेमान व अन्य परिवार के लोग आरोपियों के घर पर इस बारे में बात करने के लिए गए। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस होने लगी। देखते ही देखते उनमें गाली गलौज शुरू हो गई और दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। मामला बढ़कर झगड़े तक आ गया। दोनों ओर से ईंटें व लाठी डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों के दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए। मारपीट की सूचना मिलते ही कलानौर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

### लोगों ने शांत कराया

इस दौरान गांव के मोजिज लोगों की सहायता से लोगों को समझ कर शांत किया गया। सुरक्षा के एहतियात से गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। उधर घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी।

## बारिश होने से तापमान गिरा, निचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान

# दोपहर तक यमुनानगर में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश, गर्मी से राहत

- बारिश के बाद जिले का तापमान घटकर अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रह गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पिछले करीब एक सप्ताह से जिले में गर्मी की तपिश झेल रहे लोगों को सोमवार को दोपहर तक कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश ने राहत दिलाई। मगर बारिश होने से जगाधरी समेत कई नीचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान रहे। आलम यह रहा कि जगाधरी की कई सड़कों व गलियों में दो से तीन फुट पानी भरने से लोग परेशान रहे। वहीं, बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

सोमवार सुबह आसमान में घने बादल छा गए और छह बजे के करीब बुंदाबांदी शुरु हो गई। इसके कुछ देर बाद जिले में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश शुरु हो गई। जगाधरी में तेज बारिश होने से गलियों व सड़कों समेत कई नीचले स्थानों पर पानी भर गया। आलम यह रहा कि जगाधरी की कई गलियों व सड़कों पर दो से तीन फुट पानी भर गया और लोगों को अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। स्थानीय निवासी रामपाल, मोहित कुमार, सतबीर सिंह, विरेंद्र कुमार, जसपाल सिंह व कुलबीर सिंह आदि ने बताया कि थोड़ी सी बारिश भी अब लोगों के लिए आफत बनने लगी है। बारिश का मौसम शुरु होते ही जगाधरी समेत ट्विन सिटी के कई नीचले इलाकों में बारिश का पानी आफत बनने लगा है। वहीं, नगर निगम द्वारा बार बार जलभराव नहीं होने देने के दावे किए जाते हैं। मगर जब भी बारिश होती है तो नीचले इलाकों में पानी भर जाता है। सड़कों व गलियों में से निकलना दुर्भर हो जाता है। उन्होंने सरकार से बारिश के होने पर हो रहे जलभराव का स्थाई समाधान की मांग की।



यमुनानगर के जगाधरी में नीचले इलाकों में सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते हुए वाहन।

### यमुना में घट बढ़ रहा जलस्तर

बारिश से हथनीकुंड बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर घट बढ़ रहा है। हथनीकुंड बैराज के सूत्रों के मुताबिक हथनीकुंड बैराज पर सोमवार सुबह 10 बजे जलस्तर जहां 37 हजार 442 क्यूसिक था। वहीं, शाम को जलस्तर बढ़कर 41 हजार क्यूसिक तक पहुंच गया जो अभी सामान्य से भी कम है।



### कुरुक्षेत्र में दिनभर जारी रही बूंदाबांदी

कुरुक्षेत्र। उमस व गर्मी से जूझ रहे लोगों को सोमवार वर्षा के बाद राहत मिली। लोगों ने इसका जमकर लुत्फ उठाया। किसानों की भी बांछे खिल गई। तापमान भी गिर गया और सायं के समय मौसम खुशगवार बन गया। जबकि बाजारों में भी रौनक लौट आई। वहीं सप्ताहभर आसमान पर बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। सोमवार सुबह से ही मौसम सुहाना बना रहा। आसमान पर काले बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी हुई। गर्मी से अस्त व्यस्त लोगों के जीवन की गाड़ी वर्षा के बाद फिर से पटड़ी पर चल पड़ी। वहीं सायं के समय बाजारों में भी रौनक लौट आई। मौसम खुशगवार होने पर सायं के समय ब्रह्मसरोवर व पार्कों में लोगों की चहल-पहल बढ़ गई। जबकि वर्षा से किसानों की बांछे भी खिल उठी। कई दिनों से वर्षा की बाट जोह रहे किसानों को सोमवार वर्षा की सौगात मिली। खासकर धान की फसल के लिए यह वर्षा काफी लाभकारी साबित होगी, जिसके बाद फसल तेजी से बढ़ेगी और खेतों में पानी छोड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिला में सोमवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**कुरुक्षेत्र।** बूंदाबांदी का आनंद लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि



# कुरुक्षेत्र विवि ने किया चार संस्थानों से एमओयू

- शिक्षार्थी सहायता केन्द्र की स्थापना के लिए अहम कदम
- रोजगार उन्मुखी ड्यूल डिग्री कार्यक्रम में दाखिला लेकर छात्र आत्मनिर्भर होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र द्वारा शिक्षार्थी सहायता केंद्र बनाने हेतु श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू), दुधोला, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, प्रेम नगर, भिवानी (मानव संसाधन), जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद, मानव संसाधन तथा सनातन धर्म महाविद्यालय, अंबाला छावनी (मानव संसाधन) के बीच समझौता किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) द्वारा चलाए जा रहे रोजगार उन्मुखी ड्यूल डिग्री कार्यक्रम में दाखिला लेकर छात्र आत्मनिर्भर होंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) के माध्यम से जो छात्र एमओयू संस्थानों में अपनी कक्षाएं लगाएंगे वे ड्यूल डिग्री प्रोग्राम में भी दाखिला ले सकते हैं। एक डिग्री किसी भी विश्वविद्यालय में नियमित तथा दूसरा पाठ्यक्रम ऑनलाइन कर सकते हैं। इससे हरियाणा के दूर दराज क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को जहां एक और उन्हीं के क्षेत्रों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से पीसीपी की कक्षाएं लगाने के लिए संबंधित संस्थान में व्यवस्था होगी इसके साथ ही वहीं पर दूसरी ओर कुवि का दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ग्रामीण आंचल के छात्रों को उनके मनपसंद पाठ्यक्रम के लिए सभी सुविधाओं सहित उनके क्षेत्र में पंहुचेगा।

इस अवसर पर दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र की निदेशिका प्रो. मंजुला चौधरी ने बताया कि जिन संस्थानों से कुवि का एमओयू हुआ है उन संस्थानों के शिक्षकों को पीसीपी कक्षाएं लेने के लिए अनुभव सांझा करने का अवसर प्राप्त होगा।

# नरवाना ब्रांच नहर में डूबने से बुजुर्ग महिला की मौत

**कुरुक्षेत्र।** नरवाना ब्रांच नहर में डूबने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला का शव बटेड़ा हेड के समीप बरामद हुआ। गोताखोर प्रगट सिंह ने शव को नहर से बाहर निकालकर पुलिस को सौंपा। मृतक महिला की पहचान करीब 60 वर्षीय जगीरो देवी निवासी अहरेवा गांव जिला यमुनानगर के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला जगीरो देवी पिछले 4 दिन से लापता थी। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। परिजनों ने गोताखोर प्रगट सिंह से संपर्क किया था। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे उनको राहगीरों ने सूचना दी कि बटेड़ा हेड के पास किसी महिला का शव नहर में फंसा है। सूचना पाकर वे अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर आए और शव को बाहर निकालकर पुलिस को सूचित किया। चार दिन से यमुनानगर का परिवार उनके साथ संपर्क में था।

# तीन माह से वेतन न मिलने पर एचएसवीपी कर्मचारियों का प्रदर्शन

- थाली बजाओ सरकार जगाओ आंदोलन चलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सफाई व बागवानी कर्मचारियों ने तीन महीने से वेतन न मिलने के विरोध में थाली बजाओ – सरकार जगाओ आंदोलन शुरू किया। सोमवार को कर्मचारी एचएसवीपी कार्यालय से जुलूस निकालते हुए पेट्रोल पंप चौक तक पहुंचे और अपना विरोध प्रकट किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर, एचएसवीपी स्टाफ यूनियन के जिला प्रधान गुरविंद्र सिंह और सचिव सुल्तान सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से सेक्टरों में सफाई कार्य ठप है क्योंकि किसी कंपनी को ठेका नहीं दिया गया और कर्मचारियों को हटाकर वेतन भी नहीं दिया जा रहा। नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक समस्या हल नहीं होती, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन में बलबीर सिंह, सेवा राम बड़सर, सुभाष चंद्र, गुरुचरण सिंह, कृष्ण, सतपाल सिंह, धीरज रावत, दीक्षित सिंहमार, सीता, ममता, बाला व अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

**आयोजन** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में संत सम्मान सम्मेलन, नामों संतों ने की हिस्सेदारी

# केवल अध्यात्म से ही मिलेगा विश्व शांति का मार्ग, जीवन में उन्नति करने के लिए राजयोग सीखना बेहद जरूरी

- धर्म संवाद का विषय अध्यात्म द्वारा सनातन संस्कृति की स्थापना पर चर्चा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला






**अंबाला।** सम्मान समारोह में मौजूद संत व लोग। फोटो : हरिभूमि

8अंबाला शहर के जग्गी कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग केंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके दिव्या दीदी और राजयोगिनी बीके मीरा दीदी के नेतृत्व में विराट संत सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें उदार हृदय महासंतों एवं विचारकों का विशेष आह्वान किया गया। इस विराट संत सम्मेलन में धर्म संवाद का विषय अध्यात्म द्वारा सनातन संस्कृति की स्थापना पर चर्चा व भगवान की श्रीमत पर अद्भुत नव प्रकाश डालना रहा। संतों ने जीवन में आध्यात्म की पुर्नस्थापना के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सभी संतों ने एक स्वर में भारत को स्वर्णिम बनाने और विश्व में शांति स्थापना के लिए संकल्प लिया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दिव्या दीदी ने कार्यक्रम में मौजूद सभी महानुभूतियों का धूमधाम से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता माउंट आबू से पधारे अंतर्राष्ट्रीय संयोजक राजयोगी बीके रामनाथ भाई ने कहा आचार्यों, महामंडलेश्वरों व साधु संतों के त्याग, तपस्या और पवित्रता से ही भारत महान बना है। इस समय भारत को विश्व गुरु माना जा रहा है। उन्होंने बताया जॉर्डन में एंबेसी थीद्ध। वहां एक माता माउंट आबू में दो तीन दफा आई। उनका बेटा हरिद्वार में योग सीखने जा रहा था। उन्होंने हमें मेल किया कि हमारे बेटे को आप राजयोग सिखाओ। केवल भारत नहीं बल्कि सारा विश्व योग-राजयोग सीखना चाहता है। सारा विश्व कहता है कि हमारे जीवन में आध्यात्मिकता की कमी है। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में उन्नति चाहते हों तो केवल पांच सेकेंड ब्रह्माकुमारीज में राजयोग सीखो। राजयोग बहुत सहज है। जितनी भी आपकी बुद्धि भटकती है, स्थिर हो जाएगी। यह कोई चमत्कार नहीं है, विधि है। वक्ता राजयोगिनी बीके लक्ष्मी दीदी ने कहा देश सबकी मदद करता है। कोरोना में भी अन्य देशों द्वारा वैक्सीन ना मिलने पर भारत ने खुद की दो तरह की वैक्सीन बनाई। उस वैक्सीन को लगभग 100 देशों में मुफ्त में वितरित कर उनकी मदद की। सनातन संस्कृति पशुओं को बहुत प्रेम करती है उन्होंने कहा कि समाज को ऊपर उठाने का काम हमारा संत समाज कर सकता है। भले ही हमारी पूजा की विधि भाषा अलग-अलग हो सकती है, लेकिन हम सब एक पिता की संतान है। आचार्य महामंडलेश्वर कमल किशोर, ने कहा इंसान अपना वास्तविक परिचय नहीं जानता हमने ब्रह्माकुमारीज में यही सीखा की आत्मा के जो गुण है। वह परमात्मा से मिलते हैं। ओम शांति का जो मंत्र है वह महामंत्र है।

आचार्य स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने कहा भगवान कहते हैं पहले खुद को जानो। यह दुनिया तीन गुणों से बनी है। रज तम सत। अगर अपने सत गुण को धारण कर लोगे तो दुनिया के दुखों से मुक्ति मिल जाएंगी। सरदार ज्ञानी शेर सिंह ने कहा जिसको ब्रह्म दृष्टि होती है उसे किसी में कोई त्रुटि नजर नहीं आती।

# मानसिक रूप से परेशान महिला ने ट्रेन से कटकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मानसिक रूप से परेशान महिला ने पांसरा फाटक के पास ट्रेन के आगे खुद कर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान पुराना हमीदा क्षेत्र स्थित खड्डा कॉलोनी निवासी 39 वर्षीय संतोष के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि महिला का पति सात साल पहले उसे छोड़कर चला गया था। जिसके बाद से महिला मानसिक रूप से परेशान चल रही थी।



**यमुनानगर।** ट्रेन से कटकर महिला द्वारा आत्महत्या करने के मामले में कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

जानकारी के अनुसार शहर की खड्डा कॉलोनी निवासी संतोष मानसिक रूप से काफी समय से परेशान चल रही थी। उसके पति ने करीब सात वर्ष पहले उसे छोड़ दिया था और तब से वह अपने बेटे और बेटी के साथ अकेली रह रही थी। संतोष पिछले कुछ दिनों से ज्यादा तनाव में थी और अपने जीवन को लेकर अक्सर चिंतित रहा करती थी। दोपहर को वह बिना कुछ बताए घर से निकली और पांसरा फाटक के पास जाकर ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची । जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

उधर, जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और मृतका के परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टि से मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा।

## कांवड़िए आकर्षक कांवड़ों में ला रहे हैं हरिद्वार से गंगा जल

# कांवड़ यात्रा में विशालकाय कांवड़ बन रही लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र

- जिले की सड़कों पर कांवड़ियों के बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण बना शिवमय

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

इसे कांवड़ियों की भगवान शिव में आस्था कहें या फिर एक दूसरे से बेहतर कांवड़ लाने की होड। यही कुछ आजकल सावन माह में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान ट्विन सिटी की सड़कों से होकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे कांवड़यिों के कांवड़ देखने से लग रहा है। कांवड़िए एक से बढ़कर एक कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं।

सोमवार को ऐसे ही कई विशालकाय कांवड़ ट्विन सिटी की सड़कों से होकर गुजरे। संगमेश्वर महादेव कांवड़ संघ के सदस्यों द्वारा बनाया गए एक विशालकाय आकर्षक कांवड़ जैसे ही ट्विन सिटी के सहानपुर मार्ग स्थित शिविर में पहुंचा तो श्रद्धालुओं ने उस पर बने शिव लिंग का अभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। मौके पर कांवड़ को लेकर पहुंचे सदस्यों को शिविर आयोजकों ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें आकर्षक कांवड़ बनाने के लिए बधाई भी दी।




यमुनानगर। विशालकाए आकर्षक कांवड़ लेकर गुजर रहे कांवड़िए व शिव की पूजा-अर्चना करते भक्त।

कांवड़ संघ के सदस्यों लालचंद, गगन गर्ग, सन्नी ओबराय, खेम चंद, दीपक बक्शी व आशु ने बताया कि वे पिछले तेरह वर्षों से कांवड़ लेकर आ रहे हैं। हर बार उनके संघ का प्रयास रहता है कि वह अन्य कांवड़ संघों से बेहतर कांवड़ लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचे। उन्हें उम्मीद है कि इस बार का कांवड़ उनका सबसे बेहतर कांवड़ होगा।

उन्होंने बताया कि इस बार उन्होंने अपने कांवड़ को वाहन में आकर्षक झांकी के रुप में पहाड़ी पर दिखाया है। इस कांवड़ की विशेषता यह है कि इसमें एक विशाल शिवलिंग बनाया गया है। शिवलिंग के चारों तरफ आकर्षक पहाड़ी की झांकी व मंदिर में घंटा लगाया हुआ दिखाया गया है। जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमूग्ध हो रहे हैं।

इसी तरह पंजाब के गुरदासपुर के महादेव कांवड़ संघ द्वारा बनाया गया एक विशालकाय कांवड़ जिले के बाइपास मार्ग से होकर गुजरा। जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

### कल होगा जलाभिषेक

शिव मंदिर के पंडित सुरेश शर्मा का कहना है कि 23 जुलाई को शिवालयों में जलाभिषेक करने का शुभ मुहर्त बनता है। इसे शुभ समय से शिवालयों में जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। शिव लिंग पर जलाभिषेक करने से मनवांछित कामना पूर्ण होती है और शिव की आपार कृपा मिलती है।

# रक्तदान करके बचाई जा सकती है किसी की कीमती जानः सिंह

- जगाधरी के निरंकारी भवन में आयोजित किया रक्तदान शिविर
- शिविर में 123 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा जगाधरी के सेक्टर 18 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में पहुंचे हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ़ और संत निरंकारी मिशन के संयोजक बलराज मित्तल ने रिबन काट कर किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में मिशन के जोनल इंचार्ज सुरेंद्र पाल सिंह, प्रचारक महात्मा राकेश चांदना व ज्ञान प्रचारक महात्मा गुरनाम सिंह मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर में जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर के चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं से 123 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदाताओं को धन्यवाद कार्ड, प्रमाण पत्र व पौष्टिक अल्पाहार दिया गया। मुख्यातिथि अमर सिंह ने कहा कि रक्तदान करके किसी की कीमती जिंदगी को बचाने से बड़ा पुण्य कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि आज लोग हिंसा कर एक दूसरे का खून बहा कर सड़कों पर बिखरा रहे हैं। वहीं, संत निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान जैसे पुण्य कार्य कर लोगों की जान बचाई जा रही है। आज देश के लिए जीने की जरूरत है। देश के लिए जिएं और देश के लिए काम करें। छोटे-छोटे कार्य कर हम देश की सेवा कर सकते हैं। यही कार्य आज निरंकारी मिशन ने रक्तदान शिविर लगाकर किया है। निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान, सफाई अभियान, पौधरोपण व अन्य सराहनीय कार्य किए जाते है। जोनल इंचार्ज सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि संत निरंकारी मिशन सदैव ही मानवता की सेवा में लगा हुआ है। कोरोना काल में भी मिशन के सदस्यों ने मानवता की सेवा में निस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। संयोजक महात्मा बलराज मित्तल ने बताया कि इंसान का रक्त ही इंसान की जान बचा सकता है इसका और कोई विकल्प नहीं है। निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का यह कथन कि रक्त नालियों में नहींए इंसान की नाड़ियों में बहे को चरितार्थ कर रहे हैं और मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।



यमुनानगर। जगाधरी स्थित निरंकारी भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि



यमुनानगर। कुरुक्षेत्र मार्ग पर शिविर लगाकर कांवड़ियों की सेवा करते स्कूल के बच्चे।

## स्कूल के बच्चों ने की कांवड़ियों की सेवा

**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल अलाहर की ओर से सोमवार को गांव कांजनू के पास एसके रोड पर शिविर लगाकर कांवड़ियों की सेवा की गई। शिविर में बच्चों ने कांवड़ियों को पानी व केले भेंट किए। स्कूल के अध्यक्ष मुकेश शास्त्री ने बताया कि विद्यालय के छात्र हर वर्ष कांवड़ियों की सेवा करते हैं। इस वर्ष भी गांव कांजनु के समीप एसके रोड पर बच्चों ने शिविर लगाया। जिसमें सैकड़ों कांवड़ियों ने शिविर का लाभ लिया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को सनातन संस्कृति से जोड़ना है। आज के समय में हम आधुनिकता में पड़कर अपनी प्राचीन संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इस प्रकार की आयोजन से बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर छात्र शिवांश, प्रियांशु, लविश, पीयूष, सूर्यांश, निर्भय, गगन, हनीश, अर्पण, कनक, केशव आदि मौजूद रहे।

## आकर्षण का केंद्र बना है मनकी का शिव मंदिर

- मंदिर परिसर में पहाड़ी पर बनी शिव की झांकी कर रही है लोगों को आकर्षित
- मंदिर में शिवरात्रि पर होगा मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले के गांव मनकी स्थित शिव मंदिर आजकल सावन माह में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शिव मंदिर में शिवलिंग के अलावा हनुमान जी, मां दुर्गा, राम परिवार की मूर्तियां स्थापित हैं। खास बात यह है कि मंदिर के नेशनल हाईवे के नजदीक स्थित होने पर मंदिर परिसर में पहाड़ी पर बनी शिव झांकी आने-जाने वाले कांवड़ियों व अन्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रही है।



यमुनानगर। गांव मनकी स्थित शिव मंदिर बना आकर्षण का केंद्र। फोटो : हरिभूमि

मंदिर में पहुंचे क्षेत्र के राजपाल, मनीष, सुरेंद्र व बलबीर आदि ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना वर्ष 1978 में करवाई गई थी।

मंदिर की स्थापना में क्षेत्र के लोगों का पूरा सहयोग रहा था। खास बात यह है कि हर वर्ष शिव चौदस के अवसर पर मंदिर में मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी मंदिर में मेले का आयोजन किया जाएगा। मंदिर में कांवड़ियों के विश्राम, भोजन आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मंदिर की खासियत यह है कि यहां पहुंचने वालों की मन्नतें पूरी होती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान मंदिर में रोजाना सुबह और शाम स्थानीय भक्त भी भारी संख्या में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं।

## बाइक सवार दो युवकों ने व्यक्ति से छीने 2900 रुपये

- पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के फर्कपुर क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों ने गांव ससौली निवासी चंद्रपाल से 29 सौ रुपये छीन लिए। घटना के बाद आरोपी युवक बाइक पर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव ससौली निवासी चंद्रपाल ने फरकपुर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 19 जुलाई को रात पौने नौ बजे घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में बाइक पर सवार होकर दो युवक आए।

आरोपियों ने आते ही उसे पकड़ लिया और उसकी जेब से 29 सौ रुपये छीन कर मौके से भाग गए। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## शामलात भूमि पर बने अवैध मकान होंगे वैधः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



- 31 मार्च 2004 से पहले शामलात भूमि पर बने अवैध मकानों को वैध करने की प्रक्रिया की अधिसूचित

विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा ने उन ग्रामीण परिवारों को बड़ी राहत दी है जिन्होंने 31 मार्च 2004 से पहले शामलात देह की गैर कृषि भूमि पर मकान या मकान का हिस्सा बनाया हुआ है। अब ऐसे निर्माणों को कानूनी दर्जा देने की प्रक्रिया अधिसूचित कर दी गई है। यह निर्णय हरियाणा अधिनियम संख्या 19, 2024 तथा हरियाणा अधिनियम संख्या 5, 2025 के माध्यम से लागू किया गया है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मुख्य बिंदु हरियाणा अधिनियम संख्या 19, 2024 (12 दिसंबर 2024) के अनुसार पंजाब ग्राम शामलात अधिनियम 191 की धारा 5 में नया उपखंड (1ए) जोड़ा गया है। जिसमें यह प्रावधान किया गया कि पंचायतें 31 मार्च 2004 से पहले बने घरों को अधिकतम 500 वर्ग गज (निर्माण 25 प्रतिशत खुला हिस्सा) तक की शामलात भूमि बाजार दर पर राज्य सरकार की अनुमति से बेच सकती हैं। यह भूमि किसी जलाशय, तालाब, रेवेन्यू रास्ते या सार्वजनिक उपयोग की भूमि नहीं होनी चाहिए। मौके पर डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा अधिनियम संख्या 5, 2025 (1 अप्रैल 2025) के तहत उक्त धारा में दो अहम बदलाव किए गए हैं। बाजार दर की अनिवार्यता हटाकर निर्धारित दर (प्रेसक्राइब्ड रेट) का प्रावधान जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी 2025 को अधिसूचित संशोधित नियमों के अनुसार इच्छुक व्यक्ति पंचायत को निर्धारित प्रारूप में इन नियमों के प्रकाशन की तिथि से 12 मास के अन्दर जिला कलेक्टर को आवेदन कर सकेंगे। भूमि की बाजार दर 31 मार्च 2004 को प्रचलित कलेक्टर रेट के डेढ़ गुना बराबर होगी।

## श्री गुरु हरकिशन जी का श्रद्धापूर्वक मनाया प्रकाश पर्व

- गुरुद्वारा सिंह सभा जगाधरी वर्कशॉप द्वारा सजाया कीर्तन दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरुद्वारा सिंह सभा जगाधरी वर्कशॉप में श्री गुरु हरकिशन जी का प्रकाश पर्व बेहद श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान श्री अखंड पाठ का आयोजन किया गया। श्री अखंड पाठ के समापन पर श्री कीर्तन दरबार सजाया गया और इसके बाद लंगर बरताया गया।



यमुनानगर। श्री कीर्तन दरबार में गुरु की बाणी से संगत को निहाल करते हुए रागी।

भाई सरबजीत सिंह ने बताया कि कीर्तन दरबार में पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी रागियों और कथावाचकों ने संगत को गुरु की बाणी से जोड़ा। उन्होंने बताया कि गुरु हरकिशन जी सिखों के आठवें और सबसे कम उम्र के गुरु हुए। महज पांच वर्ष की उम्र में गुरु हरकिशन सिंह जी को उनके पिता गुरु हरिराय जी (सिखों के 7वें गुरु) के पश्चात गद्दी पर बिठाया गया। मौके पर डॉ. गुरिंदर सिंह हजूरी रागी दरबार साहिब व भाई रणजीत सिंह ने कीर्तन और भाई परगट सिंह ने कथा के साथ संगत को जोड़ा।

इसके बाद संगत को सावन के महीने और गुरुपर्व के अवसर पर रबड़ी और मालपूआ और लंगर का वितरण किया गया। भाई सर्बजीत सिंह ने बताया कि सावन में रबडी और मालपूआ उत्तर भारत का विशेष व्यंजन है। मौके पर अमरीक सिंह, अंतर्ध्यान सिंह, दौलत सिंह, कुलदीप सिंह व सेवादार प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## हवन के साथ एमएलएन कॉलेज रादौर में नए शिक्षासत्र का शुभारंभ

- कॉलेज प्रबंधक समिति के सदस्यों व स्टॉफ सदस्यों ने हवन में आहुतियां अर्पित कर नए शिक्षासत्र में की विद्यार्थियों की सफलता की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर के मुकंदलाल कॉलेज में सोमवार को नए शिक्षासत्र की शुरुआत हवन यज्ञ से की गई। कॉलेज में आयोजित हवन यज्ञ में प्रबंधक समिति के महासचिव पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित हुए।

कॉलेज के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने हवन यज्ञ में भाग लेकर आहुति डाली तथा कॉलेज के नव सत्र की सफलता की कामना की। कॉलेज प्राचार्या डॉ.माला शर्मा ने नव सत्र के शुभ अवसर पर सबको शुभकामनाएं दी तथा कॉलेज में अगले सत्र में होने वाले अनेक शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों का परिचय दिया। महासचिव पंडित ज्ञान प्रकाश ने विद्यार्थियों से अपने मां बाप के बताए हुए सपनों को पूरा करने के लिए समर्पण के साथ अपने अध्ययन में जुड़ने के लिए आहवान किया।



यमुनानगर। रादौर में मुकंदलाल कॉलेज में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

उन्होंने कहा कि कॉलेज में आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या है तो उसका निराकरण किया जाएगा। उन्होंने नए सत्र में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ साथ सबको शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के अन्य सदस्य प्रमोद बंसल, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. एसके गर्ग, डॉ. विवेक शर्मा, प्रमोद ग्रोवर,रेणु शर्मा व पूजा जोली कालरा आदि मौजूद रहे।

## बैंक से रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन न बढ़ाने को लेकर जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज एसोसिएशन की बैठक आयोजित

ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज एसोसिएशन जिला यमुनानगर की बैठक सोमवार को आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के जिला प्रधान चमनलाल ने की। बैठक में बैंक से रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन न बढ़ाने को लेकर रोष जताया गया।

जिला प्रधान चमन लाल ने बताया कि पिछले दिनों संगठन की एक बैठक गुरुग्राम में आयोजित हुई थी। जिसमें यमुनानगर समेत प्रदेश भर से संगठन के सदस्यों ने भाग लिया था। जिसमें बैंक से रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन न बढ़ाने का विषय मुख्य रूप से रखा गया था। जिसमें निर्णय लिया गया था कि जल्द ही पेंशन में बढ़ोतरी न होने पर जंतर मंतर पर धरना दिया जाएगा। हालांकि अभी इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि जंतर मंतर पर धरने प्रदर्शन का अंतिम निर्णय सीईसी की आगामी बैठक में लिया जाएगा। मौके पर संगठन के केंद्रीय संगठन सचिव आरके वोहरा, सर्कल सचिव एसपी कंबोज, चेयरमैन विनोद तनेजा, उप प्रधान अनिल परासर व ज्वाइंट सचिव सतपाल पवार आदि मौजूद थे।

## सोमनदी में डूबे तीन बच्चों में दो की दूसरे दिन भी नहीं हुई शिनाख्त

- पुलिस ने एक बच्चे की शिनाख्त होने पर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले के गांव फतेहगढ़ पुल के पास सोमनदी में नहाते समय गत रविवार शाम को हुई तीन बच्चों की मौत के मामले में दूसरे दिन भी दो बच्चों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं, एक बच्चे की शिनाख्त होने पर सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अन्य दोनों बच्चों की शिनाख्त करने के लिए प्रयास कर रही है।

बुड़िया थाना के प्रभारी नर सिंह ने बताया कि सोमनदी में डूबे तीन बच्चों में से अभी दो बच्चों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जिनकी शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

बच्चों के बारे में लोगों से पूछताछ की जा रही है। दोनों बच्चों की शिनाख्त होने के बाद उनके शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। जबकि एक बच्चे की शिनाख्त होने पर उसके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।



यमुनानगर। सोमनदी में डूब कर मौत का शिकार हुए बच्चे पवन की शिनाख्त होने पर उसके परिजनों के ब्यान दर्ज करते हुए पुलिस।

*ये था मामलाः* गत रविवार को तीन नाबालिग बच्चे गांव फतेहगढ़ पुल के नजदीक सोम नदी में पास नहाने लगे तो वह गहरे पानी में चले गए। शोर सूनकर आसपास के लोगों ने बच्चों को बचाने का काफी प्रयास किया। मगर वह गहरे पानी में डूब गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से तीनों बच्चों के शवों को बाहर निकाला। पूछताछ के दौरान एक बच्चे की पहचान बुड़िया निवासी 16 वर्षीय पवन के रूप में हुई। मगर दो अन्य बच्चों की सोमवार को भी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### रादौर की पंजाबी धर्मशाला में मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन

## मानवता की सेवा में संकल्प के साथ पूर्ण करें जीवन की यात्रा

- संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र मेहता ने महाआरती का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रादौर की पंजाबी धर्मशाला में मां जगत जननी व सतगुरु देव श्री शक्तिपुत्र महाराज की महाआरती का आयोजन किया गया। साधक देवकी व इंदू ने गुरुवर व मां के जयकारे लगवाए। रीना देवी ने मंच का संचालन किया। मौके पर मौजूद साधकों ने तीन तीन बार शंकनाद कर महाआरती का शुभारंभ किया गया।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र मेहता ने कहा कि परम पूज्य सतगुरु देव भगवान ने इस घोर कलयुग में मानव को तीन धाराओं नशा मुक्त, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान से जोड़ने का प्रयास किया है। इन तीन धाराओं से जुड़कर मानव मानवीय मूल्यों की स्थापना कर राष्ट्र रक्षा में मानवता की सेवा में संकल्प के साथ अपने जीवन की यात्रा को लेकर पूर्णता की तरफ जा सकता है। परम पूज्य सतगुरु देव ने कहा है कि यह जो यात्रा आरंभ की है। यह यात्रा युग परिवर्तन की यात्रा है। इस यात्रा में जो भी लोग सहभागी बनेंगे अपनी सेवाएं देंगे वह बड़े ही संस्कारवान व सौभाग्यशाली होंगे। हमें भी संकल्प के साथ इस यात्रा में चलना होगा और अपनी संतानों को भी इस यात्रा में बढ़ाना होगा। ताकि वे संस्कारवान बन सकें और मां की आराधना कर सकें। उन्होंने साधकों को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, चरित्रवान जीवन जीते हुए अपने घर में मां की आराधना करने और अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के किसान मोर्चा अध्यक्ष विक्रम सैनी ने कहा कि अपने मत के उपयोग को समझो। अपना वोट उसी इंसान को दो जिसको आपकी आत्मा कहती है कि यह ईमानदार व्यक्ति है। उसका कभी दुरुपयोग नहीं हो पाएगा तो कोशिश करें कि अपने मत का सही उपयोग हो। अंत में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष दीवान चंद ने आए हुए लोगों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर राजबीर, सत्यप्रकाश, राजेश बुबका, कविता, रेशमा, मुस्कान, कौशल्या, सुमन, प्रविता, मनीषा, राय सिंह, बाबूराम, सोहनलाल, तेजपाल, अनिल, सुभाष, नरेश, सतीश व बलवंतए आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित महाआरती में भाग लेते हुए भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य।

## खबर संक्षेप



### विभिन्न स्कूलों में लगाए जागरूकता शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्कूलों में जागरूकता शिविर लगाए गए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की टीम, एमडीडी संस्था द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाही में विद्यार्थियों को मानसिक रोगियों और दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही नालसा योजना की जानकारी दी गई।

### राष्ट्रीय ध्वज अंगीकार दिवस समारोह आज

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय की तरफ से पंचायत भवन 22 जुलाई को सुबह 10:30 मिनट पर राष्ट्रीय ध्वज अंगीकार दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सांसद नवीन जिंदल का तिरंगे से विशेष स्नेह है। सांसद की सोच है कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारे देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। 23 जनवरी 2004 को 13 साल की लंबी लड़ाई के बाद सांसद नवीन जिंदल ने प्रत्येक देशवासी को तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाया था।

### हरमन सिटी रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान बने राकेश शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** हरमन सिटी रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी की कार्यकारिणी के चुनाव में राकेश शर्मा के पैनल ने राजेंद्र कुमार मोरथला के पैनल को हराकर सभी 11 सीटों पर एक तरफा जीत दर्ज की। पदाधिकारी और कार्यकारिणी के चुनाव में प्रधान पद के लिए राकेश शर्मा को 114 और राजेंद्र कुमार को 67, उप प्रधान पद के लिए रघबीर सिंह गिल को 112 बृज मोहन भारद्वाज को 66, महासचिव पद के लिए रघुबीर सिंह आर्य को 127 और गुलाब सिंह को केवल 54, कोषाध्यक्ष पद के लिए पंकज गौड़ को 120 और योगेश कुमार को 60 मत प्राप्त हुए।

### पूर्व मंत्री ने किया उष्णेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक



**पिहोवा।** पूर्व स्थानीय निकाय मंत्री एवं भाजपा के कद्दावर नेता डॉ कमल गुप्ता ने परिवार सहित श्रावण मास के अवसर पर सोमवार को उपमंडल के गांव सतौड़ा में शुक्र तीर्थ के तट पर स्थित श्री उष्णेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया व पूजा की। विद्वान पंडित मोहन लाल शास्त्री द्वारा रुद्राभिषेक करवाया। डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि पुराणों के अनुसार शुक्र तीर्थ इस पृथ्वी की सबसे पवित्र भूमि है और उनका यह सौभाग्य है कि महादेव की कृपा से उन्हें यह श्रावण मास के पावन अवसर पर पूजा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

---

शिव भक्तों में उत्साह, मंदिर प्रबंधक समितियों सहित जिला प्रशासन भी अलर्ट

# सावन शिवरात्रि को लेकर जिलेभर के शिवालय सजे, कल होगा जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सावन की शिवरात्रि को लेकर जिले भर के शिवालय सज गए हैं। इस बार महादेव का जलाभिषेक 23 जुलाई बुधवार को होगा। शिवरात्रि को लेकर शिव भक्तों में भारी उत्साह है और तमाम मंदिरों में जलाभिषेक को लेकर तैयारी हो रही है। शिवरात्रि पर कांवड़ियों के साथ अन्य भक्त भी महादेव का अभिषेक करने पहुंचेंगे। जिसके चलते बुधवार को मंदिरों में भारी भीड़ रहेगी। इसे लेकर सभी मंदिर प्रबंधक समितियों सहित जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। पुलिस की ओर से जिले के सभी मंदिरों में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जिले के प्राचीनतम मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ होगी। जिसे नियंत्रित करने करने के लिए पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए है वहीं मंदिर कमेटी की ओर से स्वयंसेवक लगाए गए हैं। यातायात व्यवस्था न बिगड़े इसलिए सभी चौराहों पर कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। इस दौरान दुखभंजन महादेव मंदिर, स्थानेश्वर मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ होगी। जिसे देखते हुए यहां पर विशेष प्रबंध किए गए हैं। दुखभंजन मंदिर के पुजारी सुशील शास्त्री ने बताया कि जलाभिषेक को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। पंडित सुशील शास्त्री ने बताया कि शिवरात्रि सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन के अध्यक्ष और श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली (कुरुक्षेत्र) के पीठाधीश ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि श्रावण मास में पड़ने वाली शिवरात्रि को सावन शिवरात्रि या श्रावण शिवरात्रि कहा जाता है। श्रावण मास में देवों के देव महादेव और जगत जननी मां पार्वती की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। इसलिए श्रावण मास में पड़ने वाली शिवरात्रि को भी अत्यंत शुभ माना जाता है।



**कुरुक्षेत्र।** दुख भंजन मंदिर में शिव भोले की पूजा करते श्रद्धालु।

### व्रत कैसे करें

सारा दिन निराहार रहें ,मन वचन कर्म से पवित्र रहे। शाम से ही भगवान शिव की पूजा के लिए पूर्ण सामग्री तैयार करें। रात को भगवान शिव की चार प्रहर की पूजा बड़े भाव से करने का विधान है। प्रत्येक प्रहर की पूजा के पश्चात अगले प्रहर की पूजा में मंत्रों का जाप दोगुना, तीन गुना और चार गुना करें। किसी की निन्दा चुगलियों ,ईर्ष्या द्वेष से बचें। शुभ मङ्गल भावना सम्पूर्ण विश्व के लिए रखें। यदि आपने सदगुरू से ओंकार दीक्षा और ध्यान विधि सीखी है तो उसको श्रद्धापूर्वक कीजिए।

### विशेष पूजा समय

- प्रदोष काल में पूजा समय शाम 7 बजकर 17 मिनट से रात 9 बजकर 53 मिनट तक है।
- दूसरे प्रहर में पूजा समय रात 9 बजकर 53 मिनट से लेकर रात 12 बजकर 28 मिनट तक है।
- तीसरे प्रहर में पूजा समय रात 12 बजकर 28 मिनट से देर रात 3 बजकर 3 मिनट तक है।

### विशेष मुहूर्त समय

- ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 4 बजकर 15 मिनट से 4 बजकर 56 मिनट तक
- विजय मुहूर्त - दोपहर 2 बजकर 44 मिनट से 3 बजकर 39 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त - शाम 7 बजकर 17 मिनट से 7 बजकर 38 मिनट तक
- निशिता मुहूर्त - रात्रि 12 बजकर 7 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक

### श्रावण मास की शिवरात्रि पर व्रत और पूजन विधि



*भगवान शिव की पूजा के समय शुद्ध आसन पर बैठकर पहले आचमन करें। यज्ञोपवित धारण कर शरीर शुद्ध करें, तत्पश्चात आसन की शुद्धि करें। पूजन-सामग्री को यथास्थान रखकर रक्षादीप प्रज्ज्वलित कर लें। अब स्वस्ति-पाठ करें। स्वस्ति-पाठ-ह्यस्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवा:,स्वस्ति ना पूषा विश्ववेदा:,स्वस्ति न स्तारक्ष्यो अरिष्टनेमि,स्वस्ति नो बृहस्पति र्दधातु. इसके बाद पूजन का संकल्प कर भगवान गणेश एवं गौरी-माता पार्वती का स्मरण कर पूजन करना चाहिए। संकल्प करते हुए भगवान गणेश व माता पार्वती का पूजन करें फिर नन्दीश्वर, वीरभद्र, कार्तिकेय (स्त्रियां कार्तिकेय का पूजन नहीं करें) एवं सर्प का संक्षिप्त पूजन करना चाहिए। इसके बाद हाथ में बिल्वपत्र एवं अक्षत लेकर भगवान शिव का ध्यान करें।*

---

## चालक परिचालकों को लम्बित रात्रि भत्ते का शीघ्र भुगतान करने की मांग



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद हरियाणा रोडवेज जागृति मंच कुरुक्षेत्र डिपो कमेटी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- हरियाणा रोडवेज जागृति मंच कुरुक्षेत्र डिपो कमेटी की बैठक में मांगों पर किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज जागृति मंच कुरुक्षेत्र डिपो कमेटी द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का संचालन डिपो सचिव प्रदीप जांगड़ा ने किया और मीटिंग की अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेश सैनी ने की। मीटिंग के दौरान राज्य महासचिव राजबीर सैनी भी मौजूद रहे।

### ये रहे मौजूद

मीटिंग में चालक परिचालक तथा डिपो स्तर के सभी आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग में डिपो कमेटी से धर्मबीर ग्रोवर, महेंद्र पाल, सतनाम सिंह, पवन चोरकारसा, पवन राहड़ा, सुमेरदास, विजय भाटिया, कप्तान सिंह, रणबीर सहारण, रवीन्द्र देसवाल, बलवंत, बलबीर, दिलबाग, संदीप कुमार, मेवाराम, गुरमीत, राजीव शर्मा धर्मपाल अन्य कर्मचारी साथी मौजूद रहे।

### प्रमुख मांगें

डिपो सचिव प्रदीप जांगड़ा ने बताया कि सभी 2016 में नियुक्त चालकों की 2020-23 की एल.टी.सी. का भुगतान शीघ्रातिशीघ्र किया जाए। वर्ष 2002 में नियुक्त चालकों को मुख्यालय द्वारा प्रदान की गई वार्षिक वेतन वृद्धि के एरियर का लाभ जिन कर्मचारियों को नहीं मिला है, उन्हें लाभ दिया जाए। चालक परिचालकों को ब्लॉक 2024-27 की एल.टी.सी. का लाभ शीघ्र दिया जाए। कार्यशाखा द्वारा चालक परिचालकों से ओवर टाईम एक सामान ना करवाकर अपने निजी कर्मचारियों से ही ओवरटाइम करवाया जा रहा है। कार्यशाखा कुरुक्षेत्र द्वारा कुछ कर्मचारियों से मार्ग पर आदेश होने पर भी मार्ग ड्यूटी नहीं ली जा रही है और ड्यूटी रोस्टर में नाही उनकी हजारी, ना ही रैस्ट व नाही मार्ग रोटेशन में ड्यूटी नहीं दर्शाई जा रही है। सभी यूनियन पदाधिकारियों से उनके मूल पद अनुसार ही मार्ग पर ड्यूटी ली जाए। डिपो प्रधान नरेश सैनी ने बयान जारी करते हुए बताया कि सभी चालक परिचालक कर्मचारियों को लम्बित रात्रि भत्ते का भुगतान शीघ्र किया जाए।

---

## भारतीय संस्कृति में मेहंदी का बहुत महत्व : गाबा

- नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में आज कक्षा षष्ठम से द्वादश की छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठम से हरप्रीत, हिमांशु, अनामिका, रिया, यशिका, लावण्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय,तथा सांत्वना पुरस्कार, कक्षा सप्तम से अर्शदीप, आंचल, अन्वी, सारिका, मन्नत, क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, सांत्वना पुरस्कार, कक्षा अष्टम से अर्चना, ललिता, दीक्षा, हरमन, आन्या, पायल, क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, सांत्वना पुरस्कार,कक्षा नवम से लविश, साइमा, ऋचा, हक, जसलीन क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, सांत्वना पुरस्कार एवं दशम से क्रमशः समक्ष, रवनीत, मनमीत, नैंसी, आस्था, विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने बताया कि भारतीय संस्कृति में मेहंदी का बहुत महत्व है। यह न केवल एक सजावट का माध्यम है, बल्कि इसे शुभता, खुशी और प्रेम का प्रतीक भी माना जाता है। मेहंदी को अक्सर शादियों, त्योहारों और अन्य खुशी के अवसरों पर लगाया जाता है।

### गुदगुदी जंक्शन समूह ने संगीतमयी कार्यक्रम का किया आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित एक निजी होटल में रविवार सायं संगीतमयी कार्यक्रम श्पल पल दिल के पासश्आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार प्रमुख श्याम जुनेजा ने बताया कि संरक्षक जितेंद्र बंसल की सरपरस्ती और संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला, समाजसेवी संजीव सीकरी, सेक्टर 5 अग्रवाल सभा के प्रधान एडवोकेट सचिन गुप्ता और गगनदीप ढींगरा आशु ने मां सरस्वती प्रतिमा दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

## किसानों में बढ़ रहा प्राकृतिक खेती के प्रति रूझान : रणजीत चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- किसानों के दल के साथ गुरुकुल पहुंचे पूर्वमंत्री रणजीत सिंह चौटाला

प्राकृतिक खेती क्यों हम सभी के लिए जरूरी है, यह सच्चाई धीरे-धीरे ही सही मगर अब किसानों को समझ आ रही है और इसी के चलते अब बड़ी संख्या में देश के विभिन्न क्षेत्रों में किसान प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं। उक्त शब्द आज किसानों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पधारे पूर्व बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहे। उन्होंने कहा कि उनके साथ आए सभी किसान आचार्य देवव्रत के प्राकृतिक कृषि के मॉडल से बहुत प्रभावित हैं और उन्हीं की प्रेरणा से इन सभी किसानां रासायनिक और जैविक खेती को छोड़कर प्राकृतिक करने का संकल्प लिया है। गुरुकुल पहुंचने पर व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने गर्मजोशी से पूर्व मंत्री एवं किसान बन्धुओं का स्वागत किया। पूर्वमंत्री चौटाला ने कहा कि वर्तमान में खेती में इस्तेमाल हो रहे कीटनाशक, पेस्टीसाइड के भयावह परिणाम सबके सामने हैं। कैंसर, हार्ट अटैक, शुगर आदि बीमारियों ने लोगों को घेर लिया है, इसके अलावा भूमि को उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है, पीने का पानी और पर्यावरण दूषित हो रहा है जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए खतरा और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यदि अब भारत को एक मजबूत और सुरक्षित भविष्य देना है तो प्राकृतिक खेती को अपनाना ही होगा, इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।



**कुरुक्षेत्र।** किसानों के दल के साथ पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला।

---




### हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने दिया धरना

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक थानेश्वर के कर्मचारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जिसकी अध्यक्षता खंड प्रधान रणधीर सिंह ने की। धरने का संचालन खंड सचिव बलजीत सिंह ने किया। धरने में जिला के प्रधान वीरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। धरने को संबोधित करते हुए खंड प्रधान रणधीर सिंह ने बताया कि शिक्षा नीति 2020 की आड़ में केंद्र व राज्य सरकार लगातार सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को सिकोड़ रही है। मानी गई मांगो को लागू न करके बार-बार वादाखिलाफी कर रही है। प्रत्येक गाँव में एसएमसी की एक यूनिट बनाने के बहाने लगभग 5 हजार सरकारी स्कूलों के मर्जर की ब्यूरचना रची जा रही है। उन्होंने बताया कि कि रूल 2012 के अनुसार हरियाणा सरकार 50% अंकों की आड़ में अध्यापकों को एसीपी प्रदान नहीं कर रही है, जबकि काफी शिक्षकों की नियुक्ति इन नियमों के लागू होने से पहले की है। अतः स्पष्ट है कि इन नियमों की आड़ में हरियाणा सरकार एसीपी नहीं देना चाहती जो कि अध्यापकों के साथ सरासर अन्याय है।धरने में जिला प्रधान वीरेंद्र सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश, कुसुम लता, अनिल कुमार, विजयंत कुमार, दीपक, रणधीर सिंह, बलजीत सिंह, संदीप चौहान, बिशन सिंह, कृष्ण कुमार, अभिषेक ,राजेंद्र सिंह, संदीप कुमार ,सुनील शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर मोहा मन

- किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** नृत्य की प्रस्तति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

संस्कार भारती कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित श्रीगुरु पूजन उत्सव में जहां देशभर के साहित्य और कला साधकों को सम्मानित किया गया, वहीं किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल द्वारा प्रस्तुत भावनात्मक नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 4 से 8 तक की बालिकाओं ने 'गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वरः' मंत्र पर सुंदर वेशभूषा और भाव-भंगिमाओं के साथ एक भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति अध्यापिका भावना के मार्गदर्शन में तैयार की गई। उन्होंने छात्राओं को नृत्य के माध्यम से गुरु के महत्व और उनके तीन रूपोंझब्रह्मा, विष्णु, महेश के बारे में भी जानकारी दी। इस प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभूति कराई, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को भी मंच पर जीवंत किया। नृत्य के उपरांत दर्शकों ने तालियों की गूंज से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के मंत्री कृष्ण बेदी के सुपुत्र गौरव बेदी रहे। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए संस्कार भारती के इस आयोजन को समाज में संस्कृति और मूल्यों के प्रसार का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना विकसित करते हैं। गुरु की महत्ता को जिस तरह से इस नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, वह अत्यंत सराहनीय है। गौरव बेदी ने यह भी कहा कि आज के बच्चों में यदि संस्कार और संस्कृति की नींव मजबूत होगी, तो भविष्य का समाज भी समृद्ध और सुसंस्कृत होगा।



**पिहोवा।** श्रीसंगमेश्वर धाम में पूजा अर्चना करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व अन्य।

### श्रीसंगमेश्वर धाम पूजा करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी

**पिहोवा।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को लेकर श्री संगमेश्वर धाम अरूणाय में भगवान संगमेश्वर की पूजा अर्चना को लेकर पूरा दिन श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं ने नाना विधियों से भगवान शिव का पूजन कर अपने परिवार के सुखमय जीवन की कामना की। इसी श्रृंखला में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने अपने पुत्र गौरव बेदी सहित संगमेश्वर धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की। पूजा का कार्य विद्वान पंडितों द्वारा संपन्न करवाया गया। तत्पश्चात उन्होंने महंत विश्वनाथ गिरी व थानापति धीरज पुरी का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रबंधन की ओर से सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम ने उनका अभिवादन किया। कृष्ण बेदी ने कहा कि इस सृष्टि के सहारे और रक्षक दोनों की जिम्मेवारी भगवान भोलेनाथ पर हैं और आदि शक्ति के रूप में माता पार्वती हम सब की आस्था व विश्वास है। हमारी सनातन परंपराओं की शुरूआत भी शिव परिवार से ही होती है।

---



### प्राचीन मारकंडेश्वर शिव मंदिर से निकली भगवान महाकाल पालकी

**शाहबाद।** सावन मास के मौके पर नगर के प्राचीन मारकंडेश्वर शिव मंदिर से उज्जैन की तर्ज पर भगवान महाकाल पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। पालकी को शिव भक्तों ने अपने कंधे पर उठाकर शिव मंदिर से जीटी रोड स्थित शिव द्वार पर पहुंचे पालकी की अगुवाई बैंड बाजो और ढोल ढमाका से की गई। वहां से पालकी यात्रा हनुमान मंदिर रोड से जगदीश मार्ग से होते हुए पताशा गली से मेंन बाजार कमेटी बाजार और कमेटी चौक से पिपलेश्वर महादेव मंदिर से प्रताप मंडी से होते हुए वापस शिव मंदिर में पहुंचे। नगर के हर हिस्से में शिव भक्तों ने तोरण द्वार लगाकर महाकाल का स्वागत किया और पुष्प वर्षा की पूरा नगर ओम नमः शिवाय बम बम भोले के उद्घोषों से गूंजयामान रहा। दुकानदारों ने पालकी यात्रा में चल रहे शिव भक्तों का फल और शीतल पेयजल के इलावा कई प्रकार के व्यंजन वितरित किए।

**कार्यक्रम** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने लगाया शिविर, 41 लोगों ने किया रक्तदान

# रक्त की दो बूंद बचा सकती है जीवन : गौरव सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग क्लब में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचना था। भाजपा नेता सुभाष कलसाना के चंडीगढ़ में राज्यपाल के शपथ ग्रहण में शामिल होने के चलते उनके प्रतिनिधि युवा भाजपा नेता गौरव सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य धर्मपाल शोरगीर ने की। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मबीर सैनी व मीडिया कोर्डिनेटर तरुण वधवा ने अतिथियों का शिविर में पहुंचने पर स्वागत किया।



**कुरुक्षेत्र।** शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि

### रक्तदान से बीमारियों का खतरा होता है कम

गौरव सैनी ने रक्तदाता को बैच लगाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। रक्तदान महादान है। दान की गई रक्त की दो बूंद किसी का जीवन बचा सकती है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। समिति के प्रधान रामेश्वर सैनी ने बताया कि वर्तमान में रक्तदाता ही असली हीरो हैं, जो रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाते हैं। शिविर में माया चेरिटेबल ट्रस्ट की प्रधान सीमा सिंह, कुंटिया अध्यक्षा रजवंत कौर, डा. अजय जांगड़ा, डा. आदिब अली, राजरानी, सुभाष पारचा व युवा भाजपा नेता देवेंद्र उदारसी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### वरदान साबित होगा इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विवि में लगने वाला इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए वरदान साबित होगा। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम की आयोजक कमेटी द्वारा बनाई गई आयोजन के ब्रोशर का विमोचन करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत के अलग-अलग राज्यों के छात्र एक साथ रहकर जहां राष्ट्रीय विचारों से ओतप्रोत होंगे वही पर दूसरी ओर उनमें देश के प्रति अखंडता का भाव जागृत होगा। उन्होंने कहा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम के मंच पर सभी प्रदेशों के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने-अपने राज्य की सांस्कृतिक झांकी प्रस्तुत करेंगे।

### समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने का मुख्य उदेश्य लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर जल्द समाधान सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी इसी ध्येय के साथ लोगो की समस्याओं का निपटान करें। उपायुक्त आज अपने कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। उन्होंने समाधान शिविर मे पंहुचे प्रार्थियों कि समस्याओं को सुना और साथ ही उनकी समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा निर्देशित शिविर में लोगों की समस्याएं दूरी की जा रही हैं।

### विशेष जागरुकता अभियान शुरू

**अंबाला।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर दि नेशन की शुरुआत की गई है। यह अभियान देश के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को काम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन) के महत्व को रेखांकित करता है।

### समाधान शिविर आयोजित लोगों ने रखी समस्याएं

**नारायणगढ़।** प्रशासन द्वारा सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एसडीएम शिवजीत भारती ने की। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं। एसडीएम ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में आई ज्यादातर शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

# नए प्राचार्यों की ट्रेनिंग खत्म

## सिखाए गए सॉफ्ट स्किल्स फॉर स्कूल लीडर्स के गुर

डीईईओ सुधीर कालड़ा ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अनुभव पर विस्तार से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डाइट मोहड़ा प्राचार्य व डीईईओ सुधीर कालड़ा के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन में नवपदोन्नत प्राचार्यों हेतु चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना से हुई। इसके पश्चात प्रतिभागियों द्वारा पिछले दिन के कार्यक्रम की प्रतिपुष्टि प्रदान की गई।

पहले सत्र में डाइट व्याख्याता डॉ. धीरज वालिया व अजय कौशल ने सॉफ्ट स्किल्स फॉर स्कूल लीडर्स विषय पर उदाहरण सहित प्रस्तुति दी। दूसरे सत्र में व्याख्याता नीरज ढाका ने सब्सटांस यूजस्ड डिस्ऑर्डर एंड इंफ्लूएंस ऑफ ड्रगस विषय पर विस्तार से जानकारी दी। तीसरे सत्र में यादवेंद्र ने हरियाणा सिविल सर्विस रूल्स विषय पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। अंतिम सत्र में सभी प्रतिभागियों के लिए पोस्ट टेस्ट का आयोजन किया गया।

सभी प्रतिभागियों ने 12 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान हुए अपने अनुभवों को भी सांझा करते हुए ट्रेनिंग की सार्थकता को स्पष्ट किया। प्रतिभागियों की ओर से डॉ सरिता व इंद्र सिंह रंगा ने प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए न केवल पूरी डाइट टीम की जमकर प्रशंसा की बल्कि डाइट प्राचार्य व डीईईओ सुधीर कालड़ा व आईएफआईसी इंचार्ज विजेंद्र डागर का आभार व्यक्त किया।

सुधीर कालड़ा ने सभी प्रधानाचार्यों को इस प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों से अपने -2 कार्यस्थलों को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी रिसोर्स पर्सन तथा विशेष तौर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन के प्रधानाचार्य गुरविंदर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डाइट से राजेश, डॉ विकास, डॉ सोनू भाटिया आदि उपस्थित रहे।



**अंबाला।** प्रशिक्षण के बाद सभी नए पदोन्नत प्राचार्य डीईईओ सुधीर कालड़ा के साथ।

### बुक ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित

**अंबाला।** डाइट मोहड़ा अम्बाला प्राचार्य व डीईईओ सुधीर कालड़ा के कुशल मार्गदर्शन में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग रोड़ अंबाला कैंट में जिला स्तर पर साइंस, गणित व सामाजिक विज्ञान हेतु 3 दिवसीय बुक ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना से हुई। आईएफआईसी विंग इंचार्ज वीएस डागर ने 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की समूची रूपरेखा को सभापटल पर रखा तथा प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन सभी के अनुभवों को जानने हेतु प्री-टेस्ट लिया गया।

# रोटरी क्लब की नई टीम ने ली शपथ

## नए साल में किए जाने वाली योजनाओं की बनाई रुपरेखा

- विधायक निर्मल सिंह ने पूरे टीम को दी शुभकामनाएं
- समारोह में क्लब के सदस्यों के अतिरिक्त शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के रोटरी क्लब के नए प्रधान रोटेरियन राजीव अनेजा व उनकी टीम ने कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान पद ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में क्लब के सदस्यों के अतिरिक्त शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी भाग लिया।

अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित अंबाला क्लब के प्रांगण में हुए इस समारोह में विधायक चौधरी निर्मल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। वर्ष 2024-25 के प्रधान रोटेरियन आदर्श जैन ने अपने समय में किए गए सराहनीय कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया और बताया कि उनके कार्यकाल में पिंक टायलेट, सेनिटरी नैपकिन वितरण, रक्तदान शिविर और दांतों व आंखों के चैकअप कैंप लगाए गए।

रोटेरियन आदर्श जैन ने सहयोग के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। कुछ सदस्यों रोटेरियन मुकेश सिंघल, रोटेरियन अजय अग्रवाल, रोटेरियन विश्वास वर्मा को अवार्ड देकर भी सम्मानित किया गया। इस समारोह में रोटेरियन आदर्श जैन ने अपना कार्यभार रोटेरियन राजीव अनेजा व उनकी टीम को सौंपा।



**अंबाला।** समारोह में विधायक निर्मल सिंह को सम्मानित करते रोटेरियन।

### आदर्श जैन को किया सम्मानित

रोटेरियन राजीव अनेजा ने आने वाले वर्ष में किए जाने वाले कार्यों का ब्यौरा दिया। कहा कि आने वाले समय में उनको भी सभी सदस्यों का पूरा सहयोग मिलता रहेगा। अनेजा ने रोटेरियन आदर्श जैन को उनकी सेवाओं के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विधायक निर्मल सिंह ने आने वाले वर्ष के नए प्रधान और उनकी टीम को बधाई दी। आशा व्यक्त की कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी रोटरी क्लब समाज के उत्थान के लिए सदैव भांति अग्रणी रहेगा। अंबाला कैंट से हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने वाली नेत्री चित्रा सरवारा भी इस समारोह में उपस्थित रही। उन्होंने क्लब के नए प्रधान और उनकी टीम को बहुत ही ज्ञानवर्धक बातें बताई। समारोह के चेयरमैन रोटेरियन विश्वास वर्मा ने आए हुए मेहमानों का धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि समारोह में मंच का संचालन क्लब की दो महिलाओं प्रियंका अग्रवाल और यति गुप्ता द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। इस समारोह में क्लब के सदस्यों सचिव रोटेरियन विजय मल्होत्रा, कैशियर रोटेरियन अश्वनी साहनी, रोटेरियन किरण खरबंदा, रोटेरियन रवि गुप्ता, रोटेरियन प्रवीन पांडे, रोटेरियन आदर्श अग्रवाल, रोटेरियन अजय अग्रवाल, रोटेरियन महिंद्र आहूजा, रोटेरियन दीपक बत्तरा, रोटेरियन देवेंद्र गुप्ता ने भी भाग लिया।

# जनता को गुमराह कर रही है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मेहता ने राज्य सरकार पर यह गंभीर आरोप लगाया है कि उसने बीपीएल परिवारों के अधिकारों का योजनाबद्ध हनन करते हुए अब सरसों के तेल जैसी आवश्यक खाद्य वस्तु को भी आदेशों और आंकड़ों के जाल में उलझाकर जनसामान्य को गुमराह करने का दुस्साहस किया है। अशोक मेहता ने इस नीति को "भोजन के अधिकार के विरुद्ध एक सुनियोजित दमन" करार दिया, जिससे गरीब की रसोई की गरिमा पर सीधा प्रहार हो रहा है। मेहता ने खुलासा किया कि राज्य सरकार द्वारा 1 जुलाई 2025 को जारी पत्र में इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रशासनिक स्तर पर बीपीएल परिवारों को मिलने वाले फोर्टिफाइड सरसों तेल की कीमत अब 100 रुपये प्रति दो लीटर निर्धारित की गई है। यह निर्णय पूर्व की उस नीति से पूर्णतरू विपरीत है, जिसके तहत यह तेल या तो निःशुल्क या अत्यल्प मूल्य पर उपलब्ध कराया जाता था। अब सरकार एक ऐसी आर्थिक कसौटी लागू कर रही है, जो गरीब के लिए न केवल असहनीय बल्कि अपमानजनक भी है। उन्होंने सरकार के उस कथन को भी हास्यास्पद बताया जिसमें कहा गया कि यदि कोई लाभार्थी एक लीटर तेल लेगा तो उसे 30 रुपये चुकाने होंगे परंतु दो लीटर लेने पर 100 रुपये देने होंगे। मेहता के अनुसार यह निर्णय केवल विरोधाभासी ही नहीं, बल्कि आर्थिक तर्क, मानवीय संवेदना और न्याय की मूल अवधारणाओं के भी प्रतिकूल है। उन्होंने इसे 'राजकोषीय गणित के नाम पर जनविरोधी अमानवीयता' बताते हुए कहा कि अब गरीब की पसंद नहीं, सरकार की शर्तें ही सर्वोपरि हैं। मेहता ने तीखे स्वर में कहा, "जब चुनाव आते हैं तो गरीबों की संख्या अचानक बढ़ जाती है, परंतु मतदान के बाद उन्हें सरकारी सूचियों से बाहर कर दिया जाता है।


**नारायणगढ़।** पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मेहता।

# भूरेश्वर शिव मंदिर से शुरू हुई यात्रा

- श्रद्धालुओं ने लिख खूब आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में सावन मास के पावन अवसर पर एक दिवसीय भव्य धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के अनेक योग साधकों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। यात्रा में बच्चे, युवा, महिलाएं, पुरुष और बुजुर्गों ने सामूहिक रूप से सहभागिता निभाई।

धार्मिक यात्रा की शुरुआत भूरेश्वर शिव मंदिर के दर्शन से हुई जो हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में नाहन-सोलन राजमार्ग के शिखर पर स्थित है। इस ऐतिहासिक मंदिर का प्राकृतिक सौंदर्य, शीतल जलवायु और धार्मिक महत्व योग साधकों को मंत्रमुग्ध कर गया। यह स्थल 'देवलिंग' के नाम से भी प्रसिद्ध है, मान्यता ऐसी भी है कि यहां अनेक देवी-देवताओं का वास माना जाता है। मान्यता है कि भगवान शिव एवं माता पार्वती ने यहीं से महाभारत का युद्ध देखा था।

योग साधकों ने मंदिर में दर्शन, पूजन व प्रसाद ग्रहण करने के बाद आसपास की सुंदर वादियों में योग व प्राणायाम भी किया। इसके बाद यात्रा जोहाना घाट स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। यहां गुरुजी के सान्निध्य में सभी साधकों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात साधकों ने नाहन के प्राचीन काली माता मंदिर में दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक यात्रा का समापन पौड़ी वाला स्थित पौराणिक शिव मंदिर में हुआ जहां शिवलिंग पर जलाभिषेक कर साधकों ने शिव भजनों पर भक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। संस्थान के जॉन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि ऐसे धार्मिक यात्राएं साधकों को न केवल धार्मिक स्थलों से जोड़ती हैं, बल्कि योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आध्यात्मिक जीवनशैली को भी मजबूती प्रदान करती हैं। यात्रा के दौरान हिमाचल की हरी-भरी वादियों में साधकों ने सहायक केंद्र प्रमुख कनिका अग्रवाल के नेतृत्व में योगाभ्यास करते हुए प्राकृतिक वातावरण में आनंदपूर्वक दिन बिताया। पूरी यात्रा श्रद्धा, भक्ति और योग की त्रिवेणी से ओतप्रोत रही, जिसमें सावन माह की महत्ता को साधकों ने तन-मन-धन से अनुभव किया।


**नारायणगढ़।** मंदिर में दर्शन करते योग संस्थान के सदस्य।

# एचकेआरएन कर्मचारियों के जीवन से राज्य सरकार कर रही है छल

- विधायक निर्मल सिंह ने सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर से कांग्रेस के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य के साथ न केवल छल किया जा रहा है। उन्हें मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न के गहरे अंधकार में धकेला जा रहा है। निर्मल सिंह के अनुसार चुनाव से पूर्व इन कर्मचारियों को पाँच वर्षों की सेवा के उपरांत स्थायी करने का जो वादा किया गया था। वह अब सरकार की जुमलेबाज़ी बन कर रह गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने बाक़ायदा अधिसूचना जारी की थी लेकिन ज़मीनी हक़ीक़त इसके सर्वथा विपरीत है। कई जिलों में एचकेआरएन कर्मचारियों को पिछले तीन से पाँच महीने से वेतन तक नहीं मिला है। निर्मल सिंह ने चेताया कि अगर सरकार इन्हें समय पर वेतन नहीं देती, तो इसका प्रत्यक्ष प्रभाव प्रदेश की सरकारी सेवाओं पर भी पड़ेगा, जिसका खामियाज़ा जनता को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले डीसी रेट और ठेका प्रणाली पर रखे गए कर्मचारियों को एचकेआरएन में मर्ज कर उनकी नियमितीकरण की संभावना ही समाप्त कर दी।

# रचनात्मक एवं संज्ञानात्मक विकास के लिए छात्र कोडिंग और भाषा का ज्ञान करें अर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

उपमंडल रोजगार कार्यालय की ओर से 25 जुलाई तक व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होली से की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला रोजगार अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अपने भविष्य के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करके ही आगे की पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने रुचि-क्षेत्र को पहचानने की प्रेरणा दी। रोजगार कार्यालय से सहायक अधिकारी जगप्रीत ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों और प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार के ऑनलाइन और ऑफलाइन कोर्स उपलब्ध हैं। जो उनकी आयु, रुचियों और शैक्षणिक जरूरतों के अनुसार चुने जा सकते हैं। उन्होंने कोडिंग और भाषा जैसे ऑनलाइन कोर्सेज की उपयोगिता बताते हुए कहा कि ये कोर्स बच्चों के रचनात्मक एवं संज्ञानात्मक विकास में सहायक होते हैं। वहीं कला, संगीत, खेल आदि पर आधारित ऑफलाइन कोर्स बच्चों को विशेष कौशलों में प्रशिक्षित करते हैं।


**बराड़ा।** छात्रों को संबोधित करते उपमंडल रोजगार कार्यालय के अधिकारी।



### भाविप ने बोधनी स्कूल में किया पौधरोपण

**पिहोवा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धारा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। सीजन को देखते हुए सोमवार को गांव बोधनी स्थित वेल विशर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल व गांव खेड़ी शीशगरा में अजय गर्ग के फार्म हाउस पर भारत विकास परिषद शाखा पेहवा के अध्यक्ष नवीन गर्ग, निपुण गर्ग सहित समस्त सदस्यों ने पौधारोपण किया। प्रधान नवीन गर्ग ने कहा कि वृक्षारोपण महत्वपूर्ण है क्योंकि पेड़ हवा को शुद्ध करते हैं, वर्षा जल के बहाव और बाढ़ को रोकते हैं, ऊर्जा बचाते हैं, सांस लेने में मदद करते हैं। इस अवसर पर ज्ञान भूषण पपनेजा, देव पूर्णिमा, सतीश छाबड़ा, मेघराज गर्ग, मनोहर लाल शर्मा, अजय गर्ग, राकेश खुराना, अजय रोहिल्ला, बलविंद्र सैनी सहित स्कूल के स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# यूरिया स्टॉक में गड़बड़ी, कई दुकानदारों को सीएम फ्लाइंग ने दिए नोटिस

- अंबाला शहर व मटेहड़ी गांव में खाद बेचने वालों का किया गया रिकॉर्ड चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

यूरिया की कालाबाजारी को लेकर सरकार के निर्देश पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने अंबाला सिटी, मटेड़ी में दुकानों पर जाकर यूरिया के स्टॉक को जांचा। इस दौरान टीम जब अंबाला सिटी अनाज मंडी में गर्ग बीज भंडार पहुंची तो पोस मशीन में 105 यूरिया बैग नहीं मिले। इसके चलते कृषि विभाग के एसडीओ जगमोहन सिंह ने दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दो दिन के भीतर दुकानदार को नोटिस का जवाब देना होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री उड़न दस्ते से इंस्पेक्टर राजेश, सब इंस्पेक्टर परविंदर सिंह, सब इंस्पेक्टर राजबीर सिंह, एएसआई सुखविंदर सिंह, हेड कांस्टेबल परवेश शामिल रहे तो वहीं कृषि विभाग से एसडीओ जगमोहन सिंह, अकाउंटेंट मनदीप सिंह सैनी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने नई अनाज मंडी में मैसर्ज अंबाला खाद बीज स्टोर में स्टॉक जांचा। यहां पर पोस मशीन में स्टॉक ठीक पाया गया, इसके उपरांत टीम ने मटेड़ी में मैसर्ज जगतार खाद स्टोर में भी जांचा की। निरीक्षण करने पर पोस मशीन में स्टॉक ठीक पाया गया।

## विधायक पूजा चौधरी ने कहा कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाए सरकार

# भाजपा सरकार में हर बार होता है खाद का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

विधायक पूजा चौधरी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हर फसल सीजन में किसानों को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। इस बार भी वही हालात हैं। खाद-बीज की दुकानों पर लंबी कतारें हैं, किसान दिनभर लाइन में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं। सरकार और प्रशासन किसानों की इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे बैठा है। विधायक पूजा ने यह बात कांग्रेस कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की विफल नीतियों के कारण खाद की भारी किल्लत पैदा हो गई है। हालात इतने खराब हैं कि कई जिलों में पुलिस की निगरानी में खाद वितरित करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि खाद की कमी के चलते कालाबाजारी चरम पर है और किसानों को ब्लैक में खाद खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि हर बार जानबूझकर खाद का संकट पैदा किया जाता है, ताकि मुनाफाखोरों को लाभ पहुंचाया जा सके। विधायक ने बताया कि इस समय किसानों को अगले 10 से 15 दिनों तक खाद की सबसे अधिक आवश्यकता है, लेकिन अगर समय पर खाद नहीं मिली तो इसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में किसान यूरिया और डीएपी के लिए भटक रहे हैं, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार होने के बावजूद हरियाणा को अब तक उसके हिस्से की मात्र 50 प्रतिशत खाद ही मिली है। इससे स्पष्ट है कि सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। विधायक पूजा ने सरकार की नई नीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अब खाद को पोर्टल के माध्यम से देने की योजना से किसानों की परेशानी और बढ़ेगी। पहले ही किसान 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' और 'परिवार पहचान पत्र' जैसे पोर्टलों की जटिलताओं से जूझ रहे हैं। अब खाद के लिए भी पोर्टल की बाध्यता एक और परेशानी बनकर सामने आएगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों को शीघ्र पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाई जाए ताकि उन्हें समय पर बुवाई और उत्पादन में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो कांग्रेस किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए सड़कों पर उतरेगी।


**बराड़ा।** कार्यकर्ताओ को संबोधित करती विधायक पूजा चौधरी।